सिद्धान्तसार

आचार्य जिनचन्द्र

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिद्धान्त-सार

आचार्य जिनचन्द्र

(संस्कृत टीका भ. ज्ञानभूषण)

अनुवादक / सम्पादक

ब्र. विनोद कुमार जैन
श्री ऋषभ व्रती आश्रम
पपौराजी जिला. टीकमगढ़
मध्यप्रदेश

ब्र. अनिल कुमार जैन
श्री वर्णी दिग. जैन गुरुकुल
पिसनहारी,
जबलपुर

प्रकाशक

श्री दिग. साहित्य प्रकाशन समिति

बरेला, जबलपुर (म.प्र.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिद्धान्त-सार

आचार्य जिनचन्द्र

अनुवादक/सम्पादक
ब्र. विनोद जैन
ब्र. अनिल जैन

प्रथम संस्करण अक्टूबर 1998

अर्थ सहयोग—
श्री दिनेश कुमार जैन
कुतुब सर्विस स्टेशन
महरौली रोड
नई दिल्ली - 17

मूल्य - 10/-

प्राप्ति स्थान—
श्री दिग. साहित्य प्रकाशन समिति बरेला
जैन स्टोर्स, जैन मन्दिर के सामने, बरेला
जबलपुर (म.प्र.)
फोन — 0761 - 89487, 89483
ब्र. जिनेश जैन
संचालक— श्री वर्णी दिग. जैन गुरुकुल
पिसनहारी मढ़िया, जबलपुर (म.प्र.)
फोन — 422991

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



दिगम्बर जैनाचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुरोवाक्

श्री ब्रह्मचारी विनोद कुमार जी भिण्ड और ब्र. अनिल कुमार जी ने श्रीवर्णी दिगम्बर जैन गुरुकुल में अध्ययन कर, अपना उपयोग जिनागम के अनुवाद तथा सम्पादन की ओर अग्रसर किया है- फलस्वरूप "सिद्धांतसार" का अनुवाद पाठकों के समक्ष है इसमें इन्होंने मूलानुगामी अनुवाद के साथ कुछ स्थलों पर समीक्षात्मक विचार प्रकट किये हैं- मेरा हृदय प्रसन्नता से भर जाता है जब गुरुकुल के स्नातक साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यों में प्रवृत्त होते हैं। गुरुकुल के ब्रह्मचारी अपने धार्मिक प्रवचनों के माध्यम से भारत के प्रायः सभी विशिष्ट स्थानों पर प्रवचन के लिए आमंत्रित होते हैं। ये हमेशा अपने कार्यों में अग्रसर होते रहें यह कामना है।

विनीत

प. पन्नालाल जैन साहित्याचार्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पादकीय

माणिकचन्द्र दिगम्बर जैन ग्रन्थामाला से पूर्व में एक "**सिद्धान्तसारादि संग्रह**" नामक पच्चीस संस्कृत प्राकृत ग्रंथों का गुच्छक प्रकाशित हुआ था जिसके प्रारंभ में आचार्य जिनचन्द्र कृत सिद्धांतसार भाष्य भट्टारक ज्ञानभूषण कृत छपा हुआ है। अनायास ही गुच्छक के प्रथम ग्रंथ पर दृष्टि गई और यह अहसास किया कि यदि यह ग्रंथ अनुवाद सहित प्रकाशित हो तो जनसामान्य भी इस ग्रंथ में प्रतिपाद्य विषय से लाभान्वित हो सके। एतदर्थ यह प्रयास किया पूर्व में यह ग्रंथ अनुवाद सहित प्रकाशित नहीं हुआ है।

एक सिद्धांतसार संग्रह जिस ग्रन्थ के रचियता श्री नरेन्द्रचार्य हैं जीवादि सात तत्वों का प्ररूपक संस्कृत छंदबद्ध ग्रन्थ हिन्दी भाषानुवाद सहित, जीवराज जैन ग्रन्थमाला, सोलापुर से प्रकाशित हुआ है। दूसरे एक सिद्धांतसार का उल्लेख भावसेन त्रैविद्य कृत ६०० श्लोक प्रमाण तीर्थंकर महावीर और उनकी आचार्य परम्परा में भावसेन त्रैविद्य आचार्य के परिचय में मिलता है– यह ग्रंथ भी अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ है। जिनरत्नकोष के वर्णनानुसार यह ग्रंथ मूड़विद्री के मठ में है। तीसरा एक सिद्धांतसार दीपक आर्यिका विशुद्धमति द्वारा भाषानुवाद सहित प्रकाशित है जिसमें प्रस्तुत किया विषय तीन लोकों का विशद वर्णन करता है।

ग्रन्थ में विषय और विशेषताएँ– इस सिद्धांतसार में आचार्य जिनचन्द्र से करणानुयोग का मुख्य विषय मार्गणाओं में जीवसमास, गुणस्थान, योग, आस्रव तथा जीव समास और गुणस्थानों में योग, उपयोग और आस्रव के प्रत्ययों का विषय समाविष्ट किया है। प्राकृत गाथाओं में गुंथित यह ग्रंथ कुछ नवीन तथ्यों का भी उद्घाटन करता है। जैसे– गाथा २६ में उद्धृत गाथा और भाष्य में, प्रतर समुद्घात अवस्था में कार्मण काययोग के साथ औदारिक काययोग, औदारिक मिश्रकाययोग को भी स्वीकृत किया गया है। यह विचारणीय विषय है।

गाथा ३६ में कार्मण काययोग एवं औदारिक मिश्र काययोग में चक्षुदर्शन की अस्वीकृति। जबकि धवला पुस्तक २/६५६ में औदारिक मिश्र काययोग में चक्षुदर्शन माना गया है तथा वहीं धवला पुस्तक २/६७० में कार्मण काययोग में चक्षुदर्शन माना गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गाथा– ३९ में चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शन में दस उपयोगों की पुष्टि की गई है। धवला में चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शन के आलाप में आठ उपयोग स्वीकार किये गये हैं। (ध. २/ ७४०– ७४४)। आचार्य जिनचन्द्र तथा भाष्यकार ज्ञानभूषण महाराज दोनों ने ही चक्षुदर्शन में अचक्षुदर्शनोपयोग और अवधिदर्शनोपयोग तथा अचक्षुदर्शन में चक्षुदर्शनोपयोग और अवधिदर्शनोपयोग इन दो–दो उपयोगों को अधिकता से स्वीकार किया है।

गाथा ४२ में अनाहारक जीवों में उपयोगों का उल्लेख करते समय ९ उपयोगों को माना है– चक्षुदर्शनोपयोग को स्वीकार नहीं किया है जबकि अन्य सिद्धांत ग्रंथ यथा धवला में अनाहारक जीवों में १० उपयोगों की स्वीकृति प्रस्तुत की है। (ध. २ / ८५१)

भाषा शैली की अपेक्षा भी कुछ नवीन विशेषताएँ दृष्टिगोचर होती हैं– गाथा १३ में पृथ्वीकायिक जीवों के लिए धरादि शब्द का उल्लेख, इसी प्रकार गाथा १७ में संयतासंयत के लिए ''चरियाचरिए'' शब्द का प्रयोग किया गया है। गाथा ३० में अतिमिस्साहार कम्मइया शब्द का प्रयोग कुछ नवीन विषयों का प्रस्तुतिकरण भी प्राप्त होता है। जैसे– चौदह जीव समासों में आस्रव, जीवसमासों में योग, उपयोग इत्यादि।

पाठक इस ग्रंथ के स्वाध्याय से अल्प गाथाओं में ही चौबीस ठाणा के सम्पूर्ण विषय के साथ–साथ अन्य विषयों की भी उपलब्धि कर सकता है। आकांक्षा है कि भगवान् महावीर के २५२४ वें निर्वाण महोत्सव की पावन बेला में इस ग्रन्थ का घर–घर में प्रचार होगा और जनमानस भगवान् महावीर के सिद्धांतों से सुपरिचित होंगे।

विनीत

दीपमालिका, **विनोद जैन**

२०.१०.१९९८ **अनिल जैन**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग्रन्थकर्त्ता का परिचय।

१– श्री जिनचन्द्राचार्य।

ग्रन्थ "सिद्धान्तसार" के मूलकर्त्ता जिनचन्द्र नाम के आचार्य हैं जैसा कि उक्त ग्रन्थ की ७८ वीं गाथा से और उस की टीका से भी मालूम होता है।

इस नाम के कई आचार्य और भट्टारक हो गये हैं। परन्तु ग्रन्थ में प्रशस्ति आदि का अभाव होने के कारण निश्चयपूर्वक यह नहीं कहा जा सकता कि इसके कर्त्ता कौन हैं और इसकी रचना किस समय में हुई है। आश्चर्य नहीं जो इसके कर्त्ता भास्करनन्दि के गुरू वे जिनचन्द्र हों जिनका कि उल्लेख श्रवण बेल्गुल के ५५ वें शिलालेख में किया गया है।

मद्रास की ओरियण्टल लायब्रेरी में तत्वार्थ की सुखबोधिका टीका (नं. ५१६५) की एक प्रति है, उसकी प्रशस्ति में लिखा है:–

तस्यासीत्सुविशुद्धदृष्टिविभवः सिद्धान्तपारंगतः
शिष्यः श्री जिनचन्द्र नामकलितश्चरित्रचूड़ामणि।
शिष्यो भास्कर नन्दि नाम विबुधस्तस्याभवत्
तेनाकारि सुखदिबोधविषया तत्वार्थवृत्तिः स्फुटम्।।
अथ श्रीमूलसंघेऽस्मिन्नन्दिसंघेऽनघेऽजनि।
बलात्कारगणस्तत्र गच्छः सारस्वतस्त्वभूत्।। ११।।
तत्राजनि प्रभाचन्द्रः सूरिचन्द्राजितांगजः।

इससे मालूम होता है कि यह टीका भास्करनन्दि की बनाई हुई है और उनके गुरू जिनचन्द्र सिद्धान्तशास्त्रों के पारंगत थे।

जिनचन्द्र नाम के एक और आचार्य हो गये हैं जो धर्म संग्रह श्रावकाचार के कर्त्ता पं. मेधावी के गुरू थे और शुभचन्द्राचार्य के शिष्य थे। ये शुभचन्द्राचार्य पद्मनन्दि आचार्य के पट्टधर थे और पाण्डवपुराण आदि ग्रन्थों के कर्त्ता शुभचन्द्र से पहले हो गये हैं। पं. मेधावी ने त्रैलोक्यप्रज्ञप्ति ग्रन्थ की दान प्रशस्ति में * उनका परिचय इस प्रकार दिया है:–

दर्शनज्ञानचारित्रतपोवीर्यसमन्वितः।। १२।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रीमान्बभूव मार्तण्डस्तत्पट्टोदयभूधरे।
पद्यमनन्दी बुधानन्दी तमच्छेदी मुनिप्रभु।। १३।।
तत्पट्टाम्बुधिसच्चन्द्रः शुभचन्द्रः सतां वरः।
पंचाक्षवनदावाग्निः कषायक्ष्माधराशनिः।। १४।।
तदीयपट्टाम्बरभानुमाली क्षमादिनानागुणरत्नशाली।
भट्टारक री जिनचनद्र नामा सैद्धान्तिकानां भुवि योस्ति सीमा।। १५।।

इससे मालूम होता है कि ये जिनचन्द्र भी सैद्धान्तिक विद्वान् थे और इस लिए उक्त सिद्धान्तसार का इनके द्वारा भी निर्मित होना सब प्रकार से संभव है।

इस सिद्धान्तसार की एक कनड़ी टीका भी है जो प्रभाचन्द्र की बनाई हुई है और आरा के सरस्वती भवन में मौजूद है। यह कबकी बनी हुई है, यह नहीं मालूम हो सका।

भट्टारक श्री ज्ञान भूषण जी का जीवन परिचय

भट्टारक श्री ज्ञानभूषण जी ने सिद्धान्तसार के भाष्य में यधपि अपना कोई स्पष्ट परिचय नहीं दिया है और न उसमें कोई प्रशस्ति ही है, परंतु मंगलाचरण के नीचे लिखे श्लोक से मालूम होता है कि वह भ. ज्ञानभूषण का ही बनाया हुआ है। ग्रंथ के आदि में मंगलाचरण निम्न प्रकार से प्रस्तुत है–

श्री सर्वज्ञं प्रणम्यादौ लक्ष्मी वीरेन्दु सेवितम्।
भाष्यं सिद्धान्तसारस्य वक्ष्ये ज्ञानसुभूषणम्।।

इस मंगलाचरण में सर्वज्ञको जो ज्ञान भूषण विशेषण दिया है, वह निश्चय ही भाष्यकर्ता का नाम है।

उक्त मंगलाचरण के लक्ष्मीचन्द्र वीरेन्दुसेवितम् पद से यह भी मालूम होता है कि लक्ष्मी चन्द्र और वीरेन्द्र नाम के उनके (ज्ञानभूषण के) कोई शिष्य या प्रशिष्यादि होंगे जिनके पढ़ने के लिए उक्त भाष्य बनाया गया होगा। ज्ञानभूषण के प्रशिष्य शुभचन्द्राचार्य की बनाई हुई स्वामिकीर्ति के यानु पेक्षा–टीका की प्रशस्ति के १०–११ वें श्लोक में इन लक्ष्मीचन्द्र वीरचन्द्र का उल्लेख है और उस उल्लेख से हम कह सकते हैं कि भाष्य के मंगलाचरण का 'लक्ष्मीवीरेन्दुसेवितम'पद उन्हीं को लक्ष्य करके लिखा गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भटटारक श्री ज्ञानभूषण मूलसंघ, सरस्वतीगच्छ और बलात्कारगण के आचार्य थे। उनकी गुरुपरम्परा का प्रारंभ भ. पद्मनन्दि से होता है। पद्मनन्दि से पहले की परंपरा का अभी तक ठीक-ठीक पता नहीं लगा है। १. पद्मनन्दि २. सकलकीर्ति ३. भुवनकीर्ति और ४. ज्ञान भूषण। यह ज्ञानभूषण की गुरुपरंपरा का क्रम है।

ज्ञानभूषण के बाद ५. विजयकीर्ति और फिर उनके शिष्य ६. शुभचन्द्र हुए हैं और इस तरह शुभचन्द्र ज्ञानभूषण के प्रशिष्य हैं।

समय – प्रशस्तियों का अवलोकन करने से इनका समय विक्रम संवत् १५३४-३५ और १५३६ ज्ञात होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय अनुक्रमणिका

		गाथा क्रमांक	पृष्ठ क्र.
	मंगलाचारण	१	१-२
	मुक्त और संसारी जीवों में मार्गणायें	२	२
	ग्रन्थ में प्रतिपाद्य विषय	३	२-३
१.	**चौदह मार्गणाओं में चौदह जीव समास**	**४-११**	**३-११**
	गति, इन्द्रिय, काय मार्गणा में जीव समास	४-५	३-५
	योग मार्गणा में जीव समास	५-६	४-६
	वेद, कषाय, ज्ञान मार्गणा में जीवसमास	६-८	६-८
	संयम, दर्शन, लेश्या मार्गणा में जीव समास	८-९	७-९
	भव्य सम्यक्त्व, संज्ञी मार्गणा में जीव समास	१०-११	९-१०
	आहार मार्गणा में जीवसमास	११	१०-११
२.	**चौदह मार्गणाओं में चौदह गुणस्थान**	**११-२०**	**११-१९**
	गति, इन्द्रिय मार्गणा में गुणस्थान	१२-१३	११-१२
	काय , योग मार्गणा में गुण स्थान	१३ १४	१२-१४
	वेद, कषाय और ज्ञानमार्गणा में गुणस्थान	१५ १६	१४-१५
	संयम, दर्शन और लेश्या मार्गणा में गुणस्थान	१६-१९	१५-१८
	भव्य , सम्यक्त्व मार्गणा में गुणस्थान	१९	१७-१८
	संज्ञी , आहारक मार्गणा में गुणस्थान	२०	१८-१९
३.	**चौदह मार्गणाओं में पन्द्रह योग**	**२१-३१**	**१९-२८**
	गति मार्गणा में योग	२१-२२	१९-२०
	इन्द्रिय, काय और योग मार्गणा में योग	२२-२३	२०-२१
	वेद , कषाय मार्गणा में योग	२४	२१-२२
	ज्ञान मार्गणा में योग	२४-२६	२१-२४
	संयम मार्गणा में योग	२७-२८	२४-२५
	दर्शन लेश्या मार्गणा में योग	२९	२६
	भव्य, सम्यक्त्व मार्गणा में योग	३०-३१	२६-२८
	संज्ञी आहारक मार्गणा में योग	३१	२७-२८
४.	**चौदह मार्गणाओं में बारह उपयोग**	**३२-४२**	**२८-३६**
	गति , इन्द्रिय मार्गणा में उपयोग	३२	२८-२९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	काय , योग मार्गणा में उपयोग	३३-३६	२९-३१
	वेद , कषाय मार्गणा में उपयोग	३६	३१
	ज्ञान मार्गणा में उपयोग	३७	३२
	संयम मार्गणा उपयोग	३८-३९	३२-३४
	दर्शन मार्गणा उपयोग	३९	३३-३४
	लेश्या , भव्य मार्गणा में उपयोग	४०-४१	३४-३५
	सम्यक्त्व मार्गणा में उपयोग	४१	३५
	संज्ञी आहार मार्गणा में उपयोग	४२	३६
५.	**चौदह जीवसमासों में पन्द्रह योग**	**४३-४४**	**३६-३९**
६.	**चौदह जीवसमासों में उपयोग**	**४५**	**३९-४०**
७.	**चौदह गुणस्थानों में योग**	**४६**	**४०-४१**
८.	**चौदह गुणस्थानों में उपयोग**	**४७**	**४१-४२**
९.	**चौदह मार्गणाओं में आश्रव**	**४८-६८**	**४३-५८**
	सत्तावन आस्रव के नाम	४८	४३-४४
	गति मार्गणा में आस्रव	४९-५०	४४-४५
	इन्द्रिय मार्गणा में आस्रव	५१-५३	४५-४८
	काय मार्गणा में आस्रव	५३	४६-४८
	योग मार्गणा में आस्रव	५४-५५	४८-४९
	वेद और कषाय मार्गणा में आस्रव	५६	४९-५०
	ज्ञान मार्गणा में आस्रव	५७-५८	५०-५२
	संयम मार्गणा में आस्रव	५९-६२	५२-५५
	दर्शन, लेश्या मार्गणा में आस्रव	६२-६४	५५-५७
	भव्य, सम्यक्त्व मार्गणा में आस्रव	६४-६६	५७-५८
	संज्ञी, आहारक मार्गणा में आस्रव	६६-६८	५८-५९
१०.	**चौदह जीवसमासों में आस्रव**	**६९-७०**	**६०-६३**
११.	**चौदह गुणस्थानों में आस्रव**	**७१-७७**	**६३-६९**
	प्रथम से पंचम गुणस्थान तक आस्रव	७१-७४	६३-६६
	षष्टम् गुणस्थान में आस्रव	७५	६६-६७
	सप्तम, अष्टम, नवम और दशम गुणस्थानों में आस्रव	७६	६७-६८
	ग्यारहवें से अयोग केवली तक आस्रव	७७	६८-६९
	ग्रन्थकर्त्ता का नाम और अपनी लघुता का प्रदर्शन	७८ ७९	६९-७०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आर्यिका दृढ़मती जी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री पंचगुरुभ्यो नमो नमः।

सिद्धान्तसार

श्रीजिनचन्द्राचार्य–प्रणीतः

सिद्धान्तसारः।

(भाष्योपेतः।)

श्रीसर्वज्ञं प्रणम्यादौ लक्ष्मीवीरेन्दुसेवितम्।
भाष्यं सिद्धान्तसारस्य वक्ष्ये ज्ञानसुभूषणम्।। १।।

जीवगुणठाणसण्णापज्जत्तीपाणमग्गणणवूणे।
सिद्धंतसारमिणमो भणामि सिद्धे णमंसित्ता।। १।।

जीवगुणस्थानसंज्ञापर्याप्तिप्राणमार्गणानवोनान्।
सिद्धान्तसारमिदानीं भणामि सिद्धान् नमस्कृत्य।।

एतद्गाथार्थः– इणमो– इदानीं। सिद्धन्तसारं–इति, सिद्धान्तसार–नामग्रथं। भणामीति–भणिष्यामि कथयिष्यामि। यावत् किं कृत्वा? पूर्वं सिद्धे णमंसित्ता– सिद्धान् नमस्कृत्य। कथंभूतान् सिद्धान्? जीवगुणठाणसण्णापज्जत्तीपाणमग्गणणवूणे – जीवगुणस्थानसंज्ञापर्याप्तिप्राणमार्गणानवकोनान्। जीव इति चतुर्दशजीवसमासाः। गुणठाण–चतुर्दशगुणस्थानानि। सण्णा–चतस्रः संज्ञाः। पज्जत्ती–षट्पर्याप्तयः। पाण–दशद्रव्यप्राणाः। मग्गणणव इति–नवसंख्योपेता मार्गणाः। एतैः ऊणे–ऊनान् रहितानित्यर्थः।। १।।

अन्वयार्थ– (जीवगुणठाण सण्णा पज्जतीपाण मग्गण णव ऊणे) जीव समास, गुणस्थान, संज्ञा, पर्याप्ति, प्राण और नौ मार्गणाओं से रहित (सिद्धे) सिद्धों को (णमंसित्ता) नमस्कार कर (इणमो) अब (सिद्धंतसार) सिद्धांतसार नामक ग्रन्थ (भणामि) कहूँगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावार्थ– आचार्य श्री जिनचन्द्र ने इस गाथा के मंगलाचरण में जीवसमास, गुणस्थान, संज्ञा, पर्याप्ति, प्राण और नौ मार्गणाओं से रहित सिद्धों को नमस्कार कर सिद्धांतसार नामक ग्रन्थ कहने की प्रतिज्ञा की है।

सिद्धों और संसारी जीवों में मार्गणायें

सिद्धाणं सिद्धगई दंसण णाणं च केवलं खइयं।
सम्मत्तमणाहारे सेसा संसारिए जीवे।। २।।

सिद्धानां सिद्धगतिः दर्शनं ज्ञानं केवलं क्षायिकं।
सम्यक्त्वमनाहारकं शेषाः संसारिणि जीवे।।

नमस्कारगाथायां प्रोक्तं मार्गणानवरहितान् सिद्धान् नत्वा, तर्हि सिद्धेषु पंच काः सन्तीत्याशंकायामाह– सिद्धाणं सिद्धगई इत्यादि। सिद्धानां सिद्धगतिः स्यात्। सिद्धगतिरिति कोऽर्थः ? सिद्धपर्यायप्राप्तिरित्यर्थः। इत्येका मार्गणा सिद्धेषु वर्तते। तथा, दंसण णाणं च केवलं खइयं– केवलशब्दः प्रत्येकमभिसम्बध्यते, सिद्धानां केवलदर्शनमिति सिद्धेषु द्वितीया मार्गणा वर्तते। केवलज्ञानमिति तृतीया मार्गणा सिद्धेषु स्यात्। सम्मत्तमणाहारे– सिद्धानां क्षायिकं सम्यक्त्वं चतुर्थी मार्गणा सिद्धेषु विद्यते। सिद्धानामनाहारकत्वं पंचमी मार्गणा सिद्धेषु भवति। तात्पर्यमाह– इत्युक्तपंचमार्गणासहितान् नवमार्गणारहितान् सिद्धान् नत्वेत्यर्थः। सेसा संसारिए जीवे– शेषा उद्धरिता मार्गणाः संसारिषु वर्तन्ते। अथवा असेसा संसारिए जीवे ये के संसारिणो जीवा वर्तन्ते तेषु अशेषाश्चतुर्दशमार्गणा स्युरित्यर्थः।। २।।

अन्वयार्थ– (सिद्धाणं) सिद्धों के (सिद्धगई) सिद्धगति (दंसण णाणं च केवलं) केवल दर्शन, केवलज्ञान, (खइयं सम्मत्तं) क्षायिक सम्यकत्व, (अणाहारे) अनाहारक ये पाँच मार्गणायें होती हैं और (संसारिए जीवे) संसारी जीवों में (असेसा) सभी मार्गणायें पाई जाती हैं।

भावार्थ– जीव दो प्रकार के होते हैं– संसारी जीव और मुक्त जीव। सिद्ध जीवों के सिद्धगति, केवलदर्शन, केवलज्ञान, क्षायिक सम्यक्त्व, अनाहारक ये पाँच मार्गणायें पाई जाती हैं और संसारी जीवों के सभी चौदह मार्गणायें पाई जाती हैं।

अथ प्रथमसूत्रपातनिकामाहः–

जीवगुणे तह जोए सपज्जए मग्गणासु उवओगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवगुणेसु वि जोगे उवओगे पच्चए वुच्छं।। ३।।

जीवगुणान् तथा योगान् सप्रत्ययान् मार्गणासु उपयोगान्।
जीवगुणेष्वपि योगान् उपयोगान् प्रत्ययान् वक्ष्ये।।

सकलग्रन्थार्थसूचनद्वाररूपेयं गाथा। वुच्छं इति–वक्ष्ये, कान्? मग्गणासु– चतुर्दशमार्गणासु जीवगुणान्, जीवाश्चतुर्दशभेदा गुणाश्चतुर्दशगुणस्थानानि। जीवाश्च गुणाश्च जीवगुणास्तान् जीवगुणान् चतुर्दशमार्गणासु वक्ष्ये। मार्गणा काश्चेत्? तदाह– गइ, इत्यादि गाथोक्ताश्चतुर्दशमार्गणाः। तह जोए– तथा तेनैव प्रकारेण चतुर्दशमार्गणासु पंचचदशयोगान् वक्ष्ये। सपच्चए– मार्गणासु सप्तपंचाशत्प्रत्ययान् आस्रवान् वक्ष्ये। तथा मार्गणासु द्वादशोपयोगान् वक्ष्ये। तथा जीवगुणेसु वि– जीवगुणेष्वपि वक्ष्ये। कान्? जोगे –योगान्, चतुर्दशजीवसमासेषु योगान् पंचदश वक्ष्ये। चतुर्दशगुणस्थानेष्वपि पंचदश योगान् वक्ष्ये। उवओगे पच्चए वुच्छं– पुनः जीवसमासेषु गुणस्थानेषु च द्वादशोपयोगान् सप्तपंचाशत्प्रत्यायांश्च वक्ष्ये। मार्गणासु जीवान् गुणान् तथा योगान् सप्रत्ययान् उपयोगान् वक्ष्ये। अनु च जीवेषु गुणेसु च योगान् उपयोगान् प्रत्ययान् वक्ष्ये इति स्पष्टार्थः।। ३।।

अन्वयार्थ– (मग्गणासु जीवगुणे) मार्गणाओं में जीव समास और गुणस्थान (तह जोए) तथा योगों को, (सपच्चए) आस्रव के कारणों (उवओगे) उपयोगों तथा (जीवगुणेसु वि) जीवसमास और गुणस्थानों में भी (जोगे) योग (उवओगे) उपयोग (पच्चए) आस्रव के कारण (वुच्छं) कहूँगा।

भावार्थ– गति आदि चौदह मार्गणाओं में चौदह जीव समास, चौदह गुणस्थान, पन्द्रह योग, सत्तावन आस्रव और बारह उपयोग तथा चौदह जीवसमासों और चौदह गुणस्थानों में पन्द्रह योग, बारह उपयोग और सत्तावन आस्रवों का निरूपण करूँगा।

अथ चतुर्दशमार्गणासु चतुर्दशजीवसमासान् कथयन्नाहः–

तिगईसु सण्णिजुयलं चउदस तिरिएसु दोण्णि वियलेसु।
एयपणक्खे वि य चदु पुढवीपणए य चत्तारि।। ४।।

त्रिगतिषु सज्ञियुगलं चतुर्दश तिर्यक्षु द्वौ विकलेषु।
एकपंचाक्षेऽपि च चत्वारः पृथिवीपंचके च चत्वारः।।

"तिग" इत्यादि। तिसृषु गतिषु नरकमनुष्यदेवगतिषु जीवसमासद्वयं भवति। तत् किं? सण्णिजुयलं पंचेन्द्रियसंज्ञिनो युग्ममिति। कोऽर्थः? नरकगत्यां

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तापर्याप्तौ जीवसमासौ भवतः। तथा मनुष्यगत्यां देवगत्यां च संज्ञिपर्याप्तापर्याप्तजीवसमासद्वयं भवति। चउदस तिरिएसु---तिर्यग्गतौ चतुर्दशजीवसमासा भवन्ति। ते के?-

बादरसुहुमेगिंदियवितिचउरिंदियअसण्णिसण्णी य।
पज्जत्तापज्जत्ता एवं ते चोद्दसा जीवा।। १।।

एवं गाथोक्तचतुर्दशजीवसमासा भवन्ति। दोण्णि वियलेसु–द्वि त्रिचतुरिन्द्रियेषु, दोण्णि–द्वौ पर्याप्तापर्याप्तौ जीवसमासौ भवतः। एयपणक्खे वि य चदु– एकेन्द्रियेषु पंचेन्द्रियेषु च चत्वारो जीवसमासाः। तत्रैकेन्द्रियेषु एकेन्द्रिय–सूक्ष्मबादरपर्याप्तापर्याप्ता इति चत्वारो जीवसमासाः सन्ति। पंचेन्द्रियेषु पंचेन्द्रियसंज्ञ्यसंज्ञिनः पर्याप्तापर्याप्ता इति चत्वारो जीवसमासा भवन्ति। पढवीपणए य चत्तारि– पृथ्वीपंचके च चत्वारः पृथ्व्यप्तेजोवायुवनस्पतिषु चत्वारो जीवसमासा भवन्ति। ते के? सूक्ष्मबादरपर्याप्तापर्याप्ता इति चत्वारः। पृथ्वी सूक्ष्मा बादरा पर्याप्ता अपर्याप्ता च। एवमादिषु योज्यम्।। ४।।

अन्वयार्थ– (तिगईसु) तीन गतियों में अर्थात् नरक, मनुष्य देवगति में (सण्णिजुयलं) पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक (तिरिएसु चउदस) तिर्यंचगति में चौदह जीवसमास और (दोण्णि वियलेसु) द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय में (दोण्णि) पर्याप्तक और अपर्याप्तक दो–दो जीव समास होते हैं। (एयपणक्खे वि य चदु) एकेन्द्रिय और पंचेन्द्रियों में चार जीव समास होते हैं। (पुढवीपणए च चत्तारि) – पृथ्वीकायिक आदि पाँच स्थावरों में चार जीवसमास होते हैं।

भावार्थ– नरक गति, मनुष्य गति और देवगति इन तीन गतियों में संज्ञी पंचेन्द्रिय में पर्याप्त और अपर्याप्त ये दो–दो जीव समास होते हैं। तिर्यंच गति में चौदह जीवसमास होते हैं। द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय इन जीवों में पर्याप्त और अपर्याप्त ये दो–दो जीव समास जानना चाहिए। एकेन्द्रियों में सूक्ष्म, वादर, पर्याप्तक और अपर्याप्तक इस प्रकार चार जीव समास। पंचेन्द्रिय जीवों में पंचेन्द्रिय, संज्ञी, असंज्ञी, पर्याप्तक और अपर्याप्तक इस प्रकार चार जीव समास। पृथ्वी कायिक को आदि लेकर पांच स्थावरों में सूक्ष्म, बादर, पर्याप्तक और अपर्याप्तक इस प्रकार चार–चार जीव समास जानना चाहिए।

दस तसकाए सण्णी सच्चमणाईसु सत्तजोगेसु।
वेइंदियादिपुण्णा पणमट्ठे सत्त ओराले।। ५।।
दश त्रसकाये संज्ञी सत्यमनआदिषु सप्तयोगेषु।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वीन्द्रियादिपूर्णाः पंचाष्टमे सप्त ओराले।।

दस तसकाए–त्रसकायेषु द्वित्रिचतुरिन्द्रियपंचेन्द्रियेषु दश जीव समासा भवन्ति। ते के? द्वित्रिचतुरिन्द्रियाः पर्याप्तापर्याप्ता इति षट्। पंचेन्द्रियसंज्ञ्यसंज्ञिनः पर्याप्तापर्याप्ता इति चत्वार एवं दश। सण्णी सच्चमणाईसु सत्तजोगेसु–सत्यमनः प्रभृतिषु सत्यासत्योभयानुभयमनोयोगेषु सत्यासत्योभयवचनयोगेषु सप्तसु योगेषु प्रत्येकं एकः संज्ञिपर्याप्तको जीवसमासो भवति। वेइंदियादिपुण्णा पण मट्ठे---अष्टमेऽनुभयवचनयोगे द्वीन्द्रियादयः पर्याप्ताः पंच जीवसमासा भवन्ति। तानाह द्वित्रिचतुरिन्द्रिय पंचेन्द्रियसंज्ञ्यसंज्ञिनः पर्याप्ता इति पंच। सत्त ओराले–औदारिकशरीरे सप्तजीवसमासा भवति। एकेन्द्रियसूक्ष्मबादरपर्याप्ता इति द्वयं द्वित्रिचतुरिन्द्रियपंचेन्द्रियसंज्ञ्यसंज्ञिनः पर्याप्ता इति पंच, एवं सप्तजीवसमासा औदारिककाययोगे भवन्तीत्यर्थः।। ५।।

अन्वयार्थ– (तसकाए दस) त्रसकायिकों में दश (सच्च मणाईसु सत्त जोगेसु) सत्य मनोयोग को आदि लेकर सात योगों में (सण्णी) एक संज्ञी पर्याप्तक जीव समास होता है। (अट्ठे) आठवें अनुभय वचनयोग में (वेइंदियादिपुण्णा) द्वीन्द्रियादि पर्याप्तक (पण) पंच जीव समास होते हैं। (ओराले सत्त) औदारिक काययोग में सात जीव समास होते हैं।

भावार्थ– त्रसकायिक जीवों में दश जीव समास होते हैं द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जीवों के पर्याप्तक और अपर्याप्तक इस प्रकार छह। पंचेन्द्रियों में संज्ञी, असंज्ञी के पर्याप्तक और अपर्याप्तक इस प्रकार चार। इस प्रकार समस्त त्रसकायिक जीवों में दस जीव समास पाये जाते हैं। सत्य, असत्य, उभय और अनुभय मनोयोगों में तथा सत्य, असत्य, उभय वचनयोग इन सात योगों में एक संज्ञी पर्याप्तक जीव समास होता है। अनुभय वचन योग में द्वीन्द्रिय पर्याप्तक, त्रीन्द्रिय पर्याप्तक, चतुरिन्द्रिय पर्याप्तक, पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक और असंज्ञी पर्याप्तक इस प्रकार पाँच जीव समास होते हैं। औदारिक काय योग में सात जीव समास– एकेन्द्रिय सूक्ष्म पर्याप्तक बादर पर्याप्तक द्वीन्द्रिय पर्याप्तक, त्रीन्द्रिय पर्याप्तक, चतुरिन्द्रिय पर्याप्तक, पंचेन्द्रिय असंज्ञी पर्याप्तक और पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक इस प्रकार सात जीव समास औदारिक काययोग में पाये जाते हैं।

मिस्से अपुण्णसग इगिसण्णी वेउव्वियादिचउसु च।
कम्मइए अट्ठ–त्थी–पुंसे पंचक्खगयचउरो।। ६।।

मिश्रे अपूर्णसप्त एकसंज्ञी विगूर्विकादिचतुर्षु च।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कार्मणे अष्टौ स्त्रीपुंसोः पंचाक्षगतचत्वारः।।

मिस्से अपुण्णसग इगिसण्णी– औदारिकमिश्रकाययोगे अपर्याप्ताः सप्त, इगिसण्णी–एकः संज्ञिपर्याप्तक एवमष्टौ जीवसमासाः। ते के? एकेन्द्रियसूक्ष्म-बादरद्वित्रिचतुरिन्द्रियपंचेन्द्रियसंज्ञ्यसज्ञिनोऽपर्याप्ताः सप्त, एकः पर्याप्तः संज्ञी स च केवलिसमुद्घातापेक्षया ग्राह्यः, एवमष्टौ जीवसमासा औदारिकमिश्रकाययोगे भवन्तीति विज्ञेयं। वेउव्वियादिचउसु च– वैक्रियिकादिचतुर्षु काययोगेषु चकारादेकः संज्ञी। अत्र भेदः– वैक्रियिककाययोगे पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्त इत्येको भवति। वैक्रियिकमिश्रकाययोगे पंचेन्द्रियसंज्ञ्यपर्याप्तको भवति। आहारककाययोगे पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तको भवति। आहारकमिश्रकाययोगे पंचेन्द्रियसंज्ञ्यपर्याप्तको भवति। कम्मइए अट्ठ – कार्मणकायोगे औदारिकमिश्रकायोक्ता अष्ट जीवसमासा भवन्ति। त्थीपुंसे पंचक्खगयचउरो –स्त्रीवेदे पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तापर्याप्तपंचेन्द्रियासज्ञिपर्याप्तापर्याप्ता एते चत्वारः। पुंवेदे स्त्रीवेदोक्ताश्चत्वारो जीवसमासा भवन्ति।। ६।।

अन्वयार्थ– (मिस्से) औदारिक मिश्र काययोग में (अपुण्णसग) अपर्याप्तक सात (इगिसण्णी) एक संज्ञी पर्याप्तक इस प्रकार आठ जीव समास होते हैं। (वेउव्वियादिचउसु त्रसकायिक) वैक्रियिकादि चार काययोग में एक संज्ञी पर्याप्तक जीव समास होता है। (कम्मइए) कार्मणकाययोग में (अट्ठ) आठ (च) और (त्थीपुंसे) स्त्रीवेद और पुंवेद में (पंचक्खगय चउरो) पंचेन्द्रियगत चार–चार जीव समास होते हैं।

भावार्थ– एकेन्द्रियों के सूक्ष्म अपर्याप्तक, बादर अपर्याप्तक दो जीवसमास। द्वीन्द्रिय अपर्याप्तक, त्रीन्द्रिय अपर्याप्तक, चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तक, पंचेन्द्रिय के संज्ञी और असंज्ञी अपर्याप्तक, इस प्रकार सात जीव समास और एक संज्ञी पर्याप्तक केवली समुद्घात की अपेक्षा, इस प्रकार आठ जीव समास औदारिक मिश्रकाययोग में होते हैं इस प्रकार जानना चाहिए। वैक्रियिक काययोग में पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक एक जीवसमास होता है। वैक्रियिक मिश्र काययोग में संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तक एक जीव समास होता है। आहारक काययोग में पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक और आहारक मिश्रकाययोग में पंचेन्द्रिय संज्ञी अपर्याप्तक एक जीव समास होता है। कार्मणकाय योग में औदारिक मिश्रकाययोग के समान आठ जीवसमास होते हैं। स्त्रीवेद में पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक और अपर्याप्तक तथा पंचेन्द्रिय असंज्ञी पर्याप्तक और अपर्याप्तक, इस प्रकार चार जीव समास जानना चाहिए। पुंवेद में स्त्रीवेद के समान चार जीव समास जानना चाहिए।

संढे कोहे माणे मायालोहे य कुमइकुसुईये य।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चोद्दस इगि वेभंगे मइसुइअवहीसु सण्णिदुगं।। ७।।

षंढे क्रोधे माने मायालोभयोः च कुमतिकुश्रुतयोः च।
चतुर्दश एको विभंगे मतिश्रुतावधिषु संज्ञिद्विकं।।

संढे–नपुंसकवेदे चतुर्दश जीवसमासा भवन्ति। तथा, कोहे माणे मायालोहे य– क्रोधे माने मायायां लोभे च चतुर्दश जीवसमासा भवन्ति। तथा, कुमइकुसुई– कुमतौ कुश्रुतौ च चतुर्दश जीवसमासा भवन्ति। इगि वेभंगे– विभंगे क्कवधिज्ञाने एकः पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तक एव। मइसुइअवहीसु सण्णिदुगं–मतिश्रुत्यवधिज्ञानेषु त्रिषु प्रत्येकं सण्णिदुगं– पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तापर्याप्तौ द्वौ जीवसमासौ स्त इत्यर्थः।। ७।।

अन्वयार्थ– (संढे)– नपुंसक वेद में (चोद्दस) चौदह जीव समास और (कोहे माणे माया लोहे य) क्रोध, मान, माया और लोभ में (चोद्दस) चौदह जीव समास होते हैं। (कुमइ कुसुईये य) कुमति और कुश्रुत में (चोद्दस) चौदह जीव समास होते हैं। (इगि वेभंगे) विभंगावधि ज्ञान में एक जीव समास (मइसुइअवहीसु) मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान इन तीनों में (सण्णिदुगं) संज्ञी दो जीव समास होते हैं।

भावार्थ– नपुंसक वेद में चौदह जीव समास और क्रोध, मान, माया, लोभ इन चार कषायों में चौदह जीव समास होते हैं। तथा कुमति और कुश्रुत ज्ञान में चौदह जीव समास होते हैं। विभंगावधिज्ञान में एक पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक ही जीव समास होता है। मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान इन तीनों ज्ञानों में प्रत्येक में पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक और अपर्याप्तक इस प्रकार दो–दो जीवसमास जानना चाहिए।

मणकेवलेसु सण्णी पुण्णो सामाइयादिछसु तह य।
चउदस असंजमे पुण लोयणअवलोयणे छक्कं।। ८।।

मनःकेवलयोः संज्ञी पूर्णः सामायिकादिषट्सु तथा च।
चतुर्दश असंयमे पुनः लोचनावलोकने षट्कं।।

मणकेवलेसु सण्णी पुण्णो– मनःपर्ययकेवलज्ञानयोः द्वयोः पंचेन्द्रिय–संज्ञिपर्याप्त एव एकजीवसमासो भवति। सामाइयादिछसु तह य– तथा तेनैव प्रकारेण च देशसंयम सामायिक–च्छेदोपस्थापना– परिहारविशुद्धि सूक्ष्मसाम्पराय–यथाख्यातसंयतेषु षट्सु संयमेषु प्रत्येकं संज्ञिपर्याप्त एक एव स्यात्। चउदस असंजमे–असंयमनाम्नि सप्तमे संयमे चतुर्दशजीव समासा भवन्ति। पुण लोयणअवलोयणे छक्कं–पुनः लोचनावलोकने चक्षुर्दर्शने जीवसमासषट्कं भवति। चतुरेन्द्रियपर्याप्तापर्याप्तौ द्वौ, पंचेन्द्रियासंज्ञिपर्याप्तापर्याप्तौ द्वौ, पंचेन्द्रियसज्ञिपर्याप्तापर्याप्तौ उभौ इति षट्जीव–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समासाश्चक्षुर्दर्शने भवन्तीत्यर्थः।। ८।।

(८) **अन्वयार्थ–** (मणकेवलेसु) मनःपर्यय और केवलज्ञान इन दोनों ज्ञानों में पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक एक ही जीवसमास होता है। (सामाइयादिछसु तह य) सामायिकादि छह संयममार्गणा में एक पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक जीव समास पाया जाता है। (चउदस असंजमे) असंयम में चौदह जीव समास होते हैं (पुण लोयणअवलोपणे छक्कं) पुनः चक्षुदर्शन में छह जीव समास होते हैं।

भावार्थ– मनःपर्यय ज्ञान और केवलज्ञान इन दोनों ज्ञानों में पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक एक ही जीव समास होता है। सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहार विशुद्धि, सूक्ष्म–साम्पराय, यथाख्यात इन पांच संयम और देश संयम में इन सभी में संज्ञी पर्याप्तक एक ही जीव समास होता है और संयम मार्गणा के अन्तर्गत असंयम में चौदह जीव समास पाये जाते हैं। पुनः चक्षुदर्शन में छह जीव समास इस प्रकार होते हैं– चतुरिन्द्रिय में पर्याप्तक अपर्याप्तक दो, पंचेन्द्रिय असंज्ञी में पर्याप्तक अपर्याप्तक दो, पंचेन्द्रिय संज्ञी में अपर्याप्तक और पर्याप्तक इस प्रकार दो। इस प्रकार चक्षु दर्शन में छह जीव समास जानना चाहिए।

चउदस अचक्खुलोए दो एकं अवहिकेवलालोए।
किण्हादितिए चउदस तेजाइसु सण्णियदुगं च।। ९।।

चतुर्दश अचक्षुरालोके द्वौ एकोऽवधिकेवलालोके।
कृष्णादित्रिके चतुर्दश तेजआदिषु संज्ञिद्विकं च।।

चउदस अचक्खुलोए– अचक्षुर्दर्शने चतुर्दशजीवसमासा भवन्ति। दो एक्कं अवहिकेवलालोए– अत्र यथासंख्येन व्याख्या, अवधिज्ञाने पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तापर्याप्तौ द्वौ जीवसमासौ भवतः, केवलदर्शने पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तक एक एव जीवसमासः स्यात्। किण्हादितिए चउदस–कृष्णादित्रिके कृष्णनीलकापोतासु लेश्यासु तिसृषु चतुर्दश–जीवसमासा ज्ञेयाः। तेजाइसु सण्णियदुगं च– तेजआदिषु पीतपद्मशुक्ललेश्यात्रिके पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तापर्याप्तजीवसमासद्विकं भवति।। ९।।

(९) **अन्वयार्थ–** (अचक्खुलोए) अचक्षु दर्शन में (चउदस) चौदह जीव समास होते हैं। (अवहिकेवलालोए दो एकं) अवधिदर्शन में दो केवल दर्शन में एक (किण्हादितिए) कृष्णनीलादि तीन लेश्याओं में (चउदस) चौदह जीव समास (तेजाइसु) पीतादि तीन लेश्याओं में (सण्णिदुगं) संज्ञी द्विक अर्थात् संज्ञी पर्याप्तक और संज्ञी अपर्याप्तक इस प्रकार दो जीव समास जानना चाहिए।

भावार्थ– अचक्षुदर्शन में चौदह जीव समास होते हैं। अवधिदर्शन में पंचेन्द्रिय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संज्ञी पर्याप्तक और अपर्याप्तक दो जीव समास होते हैं। केवलदर्शन में एक पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक एक ही जीव समास होता है। कृष्ण, नील और कापोत इन तीन लेश्याओं में सभी चौदह जीव समास जानना चाहिए। पीत, पद्म और शुक्ल इन तीन शुभ लेश्याओं में पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक और अपर्याप्तक ये दो जीव समास होते हैं।

चउदस भव्वाभव्वे दुण्णेगं खाइयादितिसु मिस्से।
अपुण्णा सग पुण्णा सण्णी इगि चउदस य दोसु कमे।। १०।।

चतुर्दश भव्याभव्ययोः द्वौ एकः क्षायिकादित्रिषु मिश्रे।
अपूर्णाः सप्त पूर्णः संज्ञी एकः चतुर्दश च द्वयोः क्रमेण।।

भव्यजीवे अभव्यजीवे च चतुर्दश जीवसमासा भवन्ति। दुण्णेगं खाइयादितिसु मिस्से–अत्र यथासंख्यं व्याख्येयं, क्षायिकादित्रिषु क्षायिकोपशमवेदकसम्यक्त्वेषु पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ता–पर्याप्तजीवसमासौ द्वौ भवतः, मिश्रे सम्यक्त्वे पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तक एक एव जीवसमासो भवति। मिश्रे मरणासंभवादपर्याप्तत्वं तु न संभवति। अपुण्णा सग पुण्णा सण्णी इति चउदस य दोसु कमे– कमे इति क्रमेण, दोसु–द्वयोः सासादनमिथ्यात्वसम्यक्त्वयोः, अपुण्णा सग–अपर्याप्ताः सप्त, सण्णी इगि–पर्याप्तसंज्ञी एकः, चतुर्दश च,। अथ व्यक्तिः सासादनसम्यक्त्वे सम्यक्त्व एकेन्द्रियसूक्ष्मबादरद्वित्रिचतुरेन्द्रियपंचेन्द्रियसंज्ञसंज्ञिन एते सप्त अपर्याप्ताः पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्त एक एव एवं अष्टौ जीवसमासाः (सासादनसम्यकत्वे) भवन्तीति भावः। मिथ्यात्वसम्यक्त्वे एकेन्द्रियादयश्चतुर्दश जीवसमासा भवन्तीति सूत्रार्थः।। १०।।

अन्वयार्थ– (भव्वाभव्वे) भव्य और अभव्य जीवों में (चउदस) चौदह जीव समास (खाइयातिसु) क्षायिकादि तीन सम्यक्त्वों में (दुण्ण) दो (मिस्से) मिश्र सम्यक्त्व (एगं) एक (दोसु) दो अर्थात् सासादन सम्यक्त्व और मिथ्यात्व सम्यक्त्व इनमें (अपुण्णा सग) अपर्याप्तक सात (सण्णी इगि)– संज्ञी एक (य) और (चउदस) चौदह जीव समास जानना चाहिए।

भावार्थ– भव्य और अभव्य जीवों में चौदह जीव समास होते हैं। क्षायिक, उपशम और वेदक सम्यक्त्वों में पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक और अपर्याप्तक इस प्रकार दो जीव समास होते हैं। मिश्र सम्यक्त्व (तृतीय गुणस्थान) में पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक एक ही जीव समास होता है। मिश्र सम्यक्त्व में मरण नहीं होने से अपर्याप्तक भी संभव नहीं है। सासादन सम्यकत्व में एकेन्द्रिय सूक्ष्म, बादर, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय संज्ञी और असंज्ञी अपर्याप्तक इस प्रकार सात अपर्याप्तक और एक पंचेन्द्रिय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संज्ञी पर्याप्तक सभी सम्मिलित आठ जीव समास होते हैं। मिथ्यात्व में एकेन्द्रियादिक चौदह जीव समास होते हैं।

सण्णिअसण्णिसु दोण्णि य आहारअणाहारएसु विण्णेया।
जीवसमासा चउदस अट्ठेव जिणेहिं णिद्दिट्ठा।। ११।।

संज्ञ्यसंज्ञिनोः द्वौ च आहारानहारकयोः विज्ञेयाः।
जीवसमासाश्चतुर्दश अष्टावेव जिनैः निर्दिष्टाः।।

सण्णिअसण्णिसु दोण्णि य– संज्ञिजीवे पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तापर्याप्तौ द्वौ जीवसमासौ भवतः। असंज्ञिजीवे असंज्ञिपर्याप्तापर्याप्तौ जीवसमासौ स्याताम्। आहारानाहरकेषु ज्ञेया जीवसमासाश्चतुर्दश अष्टावेव। को भावः ? आहारकमार्गणायां चतुर्दशजीवसमासा विज्ञेयाः। अनाहरकमार्गणायामष्टावेव जीवसमासा बोद्धव्याः। ते के इति चेदुच्यंते– एकेन्द्रियसूक्ष्मबादर–द्वित्रिचतुरिन्द्रियपंचेन्द्रियसंज्ञसंज्ञिन एते सप्त अपर्याप्ताः, एकः संज्ञिपंचेन्द्रियपर्याप्तक इत्यष्टौ जीवसमासाः। अनाहारे एतेअष्टौ कथं संभवतीत्याशंकायामाह– क्वचिद्विग्रहगत्यपेक्षया क्वचित्केवलिसमुद्घातापेक्षया। तथा चोक्तं–

विग्गहगइमावण्णा समुग्घाइयकेवलिअजोगिजिणा।
सिद्धा य अणाहारा सेसा आहरिया जीवा।। १।।

जिणेहिं णिद्दिट्ठा– जिनैः कथिता मार्गणासु यथासंभवं जीवसमासा जिनैर्भणिता इत्युक्तिलेशः।। ११।।

इति चतुर्दशमार्गणासु जीवसमासाश्चतुर्दश संक्षेपेण कथिताः।

अन्वयार्थ– (सण्णि असण्णिसु) संज्ञी जीवों में और असंज्ञी जीवों में (दोण्णि) दो जीव समास (आहार अणाहारएसु) आहारक और अनाहारक इन दोनों में (चउदस अट्ठेव) चौदह, आठ (जीव समासा) जीव समास जानना चाहिए। इस प्रकार मार्गणाओं में जीव समास (जिणेहिं) जिनेन्द्र देव के द्वारा (णिदिट्ठा) कहे गये हैं।

भावार्थ– संज्ञी जीवों में पंचेन्द्रिय संज्ञी पर्याप्तक और अपर्याप्तक इस प्रकार दो जीव समास होते हैं। असंज्ञी जीवों में असंज्ञी पर्याप्तक और अपर्याप्तक ये दो जीव समास होते हैं। आहारक मार्गणा में चौदह जीव समास जानना चाहिए। और अनाहारक मार्गणा में आठ जीव समास होते हैं वे इस प्रकार हैं– एकेन्द्रिय सूक्ष्म, बादर, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय संज्ञी और असंज्ञी इन सभी के अपर्याप्तक इस प्रकार सात, और एक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक इस प्रकार आठ जीव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समास जानना चाहिए। अनाहारक अवस्था में ये आठ जीव समास कैसे होते हैं– इस शंका का समाधान करते हुए कहते हैं– कुछ विग्रह गति की अपेक्षा और कभी कुछ समुद्धात की अपेक्षा इस विषय में गाथा निम्न प्रकार है।

अन्वयार्थ– विग्रह गति को प्राप्त जीव, समुद्धात को प्राप्त सयोग केवली, अयोग केवली और सिद्ध ये सभी जीव अनाहारक हैं शेष सभी जीव आहारक हैं। इस प्रकार जिनेन्द्र देव के द्वारा मार्गणाओं में जीव समास कहे गये।

इस प्रकार चौदह मार्गणाओं में संक्षेप से चौदह जीव समास कहे।

卐 卐 卐

अब चौदह मार्गणाओं में चौदह गुणस्थानों का कथन करने के लिए ग्रन्थकर्त्ता निम्न गाथा कहते हैं।

अथ चतुर्दशमार्गणासु चतुर्दशगुणस्थानान्यवतारयन्नाह ग्रन्थकर्त्ता (मार्गणासु गुणस्थाननिरूपणार्थ गाथामाह)–

णारयतिरियणरामरगईसु चउपंचचउदसचयारि।
इगिदुतिचउरक्खेसु य मिच्छं विदियं च उववादे।। १२।।

नारकतिर्यङ्नरामरगतिषु चतुः पंचचतुर्दशचत्वारि।
एकद्वित्रिचतुरक्षेषु च मिथ्यात्वं द्वितीयं चोपपादे।।

इयं गाथा यथासंख्यं व्याख्येया। नारकतिर्यङ्नरामरगतिषु चतुःपंचचतुर्दशचत्वारि गुणस्थानानि यथासंख्यं भवन्ति। इति गतिमार्गणा समाप्ता।

इगिदुतिचउरक्खेसु य मिच्छं विदियं च उववादे–एकद्वित्रिचतुरक्षेसु च एकेन्द्रियेषु द्विन्द्रियेषु त्रीन्द्रियेषु चतुरिन्द्रियेषु चैकं मिथ्यात्वं। च पुनः एतेष्वेव द्वितीयं सासादनगुणस्थानं, उववादे–उत्पत्तिकाले अपर्याप्तसमये स्यात्। एकेन्द्रियादिषु चतुर्षु मिथ्यात्वसासादनगुणस्थानद्वयं भवतीत्यर्थः।। १२।।

अन्वयार्थ– (णारय तिरियणरामरगईसु) नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देवगति में क्रमशः (चउ पंचचउदस चयारि) चार, पाँच, चौदह और चार गुणस्थान होते हैं। (इगि दुतिचउरक्खेसु य) एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय में एक मिथ्यात्व गुणस्थान (च) और (विदियं) सासादन गुणस्थान (उववादे) उत्पत्ति काल, अपर्याप्तक समय में होता है।

भावार्थ– नरकगति में मिथ्यात्वादि चार गुण स्थान, तिर्यंच गति में मिथ्यात्व

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से लेकर देशसंयम तक पाँच गुणस्थान मनुष्य गति में सम्पूर्ण चौदह गुणस्थान और देवगति में मिथ्यात्वादि चार गुणस्थान होते हैं। तथा एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय में एक मिथ्यात्व गुणस्थान होता है विशेषता यह है कि अपर्याप्तक अवस्था में दूसरा सासादन गुणस्थान भी हो सकता है।

चउदस पंचक्खतसे धरादितिसु दुगिगि तेयपवणेसु।
सच्चाणुभये तेरस मणवयणे बारसऽण्णेसु।। १३।।

चतुर्दश पंचाक्षत्रसयोः धरादित्रिषु द्वे एकं तेजः पवनयोः।
सत्यानुभययोः त्रयोदश मनोवचनयोः द्वादशान्येषु।।

चउदसेत्यादि। पंचक्खतसे– पंचाक्षेसु पंचेन्द्रियेषु मिथ्यात्वादि चतुर्दशगुणस्थानानि भवन्ति। इन्द्रियमार्गणा समाप्ता। "तसे" इतः प्रारभ्य कायमार्गणा निरुप्यते– तसे– इति, त्रसकायेषु च मिथ्यात्वादि चतुर्दशगुणस्थानानि स्युः। धरादितिसु दुगि– धरादिषु त्रिषु पृथिव्यब्वनस्पतिकायेषु, दुगि– मिथ्यात्वसासादनगुणस्थानद्वयं भवति। इगि तेयपवणेसु– तेजःपवनकायेषु एकं मिथ्यात्वगुणस्थानं भवति। इति कार्यमार्गणा समाप्ता। सच्चाणुभये तेरस मणवयणे– सत्यानुभयमनोयोगे मिथ्यात्वादित्रयोदश, सत्यानुभयवचनयोगे त्रयोदश। बारसण्णेसु – अन्येषु असत्यमनोयोगेभयमनोयोगासत्यवचनयोगोभयवचनयोगेषु चतुर्षु प्रत्येकं बारस– (द्वादश) मिथ्यात्वादीनि क्षीणकषायान्तानि स्युः।। १३।।

अन्वयार्थ– (पंचक्ख तसे) पंचेन्द्रिय और त्रसकायिकों में (चउदस) चौदह गुणस्थान (धरादितिसु) पृथ्वीकायिकादिक तीन में (दुगि) दो अर्थात् पृथ्वीकायिक जलकायिक और वनस्पतिकायिक में दो और (तेयपवणेसु) तेजस्कायिक और वायुकायिक में (इगि) एक मिथ्यात्व गुणस्थान होता है। (सच्चाणुभये मणवयणे) सत्य, अनुभय, मनोयोग और वचनयोग में (तेरस) तेरह गुणस्थान (अण्णेसु) शेष योगों में (बारस) वारह गुणस्थान होते हैं।

भावार्थ– पंचेन्द्रिय जीवों में मिथ्यात्वादि चौदह सभी गुणस्थान पाये जाते हैं। "तसे" इस शब्द से काय मार्गणा का निरूपण करते हैं। त्रसकायिकों में चौदह गुणस्थान होते हैं। पृथ्वीकायिक आदि तीनों में दो, मिथ्यात्व और सासादन इस प्रकार दो गुणस्थान होते हैं। तेज कायिक अर्थात् अग्निकायिक और वायुकायिक जीवों में एक मिथ्यात्व गुणस्थान ही होता है। इस प्रकार कायमार्गणा समाप्त हुई। सत्य, अनुभय मनोयोग में तेरह गुणस्थान और सत्य, अनुभय वचन योग में तेरह गुणस्थान होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शेष बचे असत्य मनोयोग, उभय मनोयोग, असत्य वचनयोग उभयवचन योग इन चारों में मिथ्यात्व को आदि लेकर क्षीणकषाय पर्यन्त बारह गुणस्थान होते हैं।

ओरालिए य तेरस मिस्से कम्मे य मिस्सतिय जोगी।
वेउव्वियदुग चदुतिय पमत्तमाहारदुगे य।। १४।।

औदारिके च त्रयोदश मिश्रे कार्मणे च मिश्रत्रिकयोगिनः।
वैगूर्विकाद्विके चतुःत्रिकं प्रमत्तमाहारकद्विके च।।

औदारिककाययोगे मिथ्यात्वादिसयोगकेवलिपर्यन्तानि त्रयोदश गुणस्थानानि भवन्ति। मिस्से कम्मे य मिस्सतियजोगी– मिस्से इति औदारिकमिश्रकाययोगे, कम्मे य– इति, कार्मणकाययोगे च, मिस्सतियजोगी– मिश्रत्रिकं सयोगिगुणस्थानं च भवति। मिश्रत्रिकमिति कोऽर्थः? मिथ्यात्वसासादनाविरतानीति मिश्रत्रयं भण्यते। औदारिकमिश्रकाययोगे कार्मणकाययोगे च मिथ्यात्वसासादनाविरतसयोगकेवलीनि नामानि चत्वारि गुणस्थानानि भवन्तीत्यर्थः। मिश्रकार्मणकाययोर्मिश्रगुणस्थानं कुतो न संभवति? मरणाभावात्। तथा चोक्तं;–

"मिश्रे क्षीणे सयोगे च मरणं नास्ति देहिनाम्"

इति वचनात्। वेउव्वियदुग चदुतिय– वैक्रियिकद्विके चत्वारि त्रीणि यथासंख्यं। वैक्रियिककाययोगे मिथ्यात्वसासादनमिश्राविरतगुणस्थानचतुष्टयं भवति वैक्रियिकमिश्रकाययोगे मिथ्यात्वसासादनाविरतगुणस्थानत्रिकं भवति। पमत्तमाहारदुगे य– आहारकद्विके आहारककाययोगे आहारकमिश्रकाययोगे च प्रमत्ताख्यं एकं षष्ठं भवति। इति योगमार्गणा समाप्ता।। १४।।

(१४) **अन्वयार्थ–** (ओरालिए) औदारिक काययोग में (तेरस) तेरह (मिस्से) औदारिक मिश्र काययोग में (कम्मे य) और कार्मण काययोग में (मिस्सतिय जोगी) तीन गुणस्थान और सयोगकेवली इस प्रकार चार गुणस्थान होते हैं। (वेउव्वियदुग) वैक्रियिककाय योग (चदु) चार गुण स्थान और वैक्रियिक मिश्र काययोग में (तिय) तीन गुणस्थान (आहारदुगे) आहारकद्विक में (पमत्त) प्रमत्त एक गुणस्थान ही होता है। इस प्रकार योग मार्गणा समाप्त हुई।

भावार्थ– औदारिक काययोग में मिथ्यात्वादि सयोग केवली पर्यन्त तेरह गुणस्थान होते हैं। औदारिक मिश्रकाययोग और कार्मण काययोग में मिथ्यात्व, सासादन, अविरत और सयोग केवली नामक चार गुणस्थान होते हैं। मिश्र और कार्मण योग में मिश्रगुणस्थान क्यों नहीं संभव होता है – मरण का अभाव होने से और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहा भी है कि–

मिश्रे क्षीणे सयोगे च मरणं नास्ति देहिनाम्।

प्राणियों का मिश्रगुणस्थान, क्षीणकषाय और सयोग केवली गुणस्थान में मरण नहीं होता है।

वैक्रियिक काययोग में मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र और अविरत में चार गुणस्थान होते हैं। वैक्रियिक मिश्रकाययोग में मिथ्यात्व, सासादन और अविरत ये तीन गुणस्थान होते हैं। आहारक काययोग और आहारक मिश्र काययोग में एक प्रमत्त संयत नामक गुणस्थान होता है। इस प्रकार योग मार्गणा समाप्त हुई।

वेदतिए कोहतिए णवगुणठाणाणि दसय तह लोहे।
अण्णाणतिए दो मइतिए चउत्थादिणव चेव।। १५।।

वेदत्रिके क्रोधत्रिके नवगुणस्थानानि दशकं तथा लोभे।
अज्ञानत्रिके द्वे मतित्रिके चतुर्थादिनव चैव।।

वेदतिए–वेदत्रिके स्त्रीवेदपुंवेदनपुंसकवेदेषु त्रिषु मिथ्यात्वादीन्य–निवृत्तिकरणपर्यन्तानि नवगुणस्थानानि भवन्ति। इति वेदमार्गणा। कोइतिए णव–क्रोधत्रिके क्रोधमानमायासु मिथ्यात्वादीन्यनिवृत्तिकरण–पर्यन्तानि गुणस्थानानि भवन्ति। दसय तह लोहे– तथा लोभे मिथ्यात्वप्रभृतिसूक्ष्म–साम्परायपर्यन्तं गुणस्थानदशकं भवति। इति कषायमार्गणा पूर्णा। अण्णाणतिए दो– अज्ञानत्रिके द्वे गुणस्थाने कुमतिकुश्रुतक्वधिषुत्रिषु प्रत्येकं–मिथ्यात्वसासादनगुणस्थाने द्वे भवतः। मइतिए चउत्थादिणव चेव– मतित्रिके मतिश्रुतावधिज्ञानेषु चतुर्त्थादिनव चैव अविरतादिक्षीणकषायपर्यन्तानि नवगुणस्थानानि भवन्ति।। १५।।

(१५) **अन्वयार्थ–** (वेदतिए) वेदत्रिक अर्थात् स्त्रीवेद, पुंवेद, और नपुंसकवेद में (नव) नौ गुणस्थान (कोहतिए) क्रोधत्रिक, क्रोध, मान और माया में (णव गुण ठाणाणि) नव गुणस्थान (अण्णाण तिए) अज्ञानत्रिक में (दो) दो गुणस्थान प्रथम और द्वितीय (मइतिए) मतिश्रुत अवधिज्ञान में (चउत्थादिणव चेव) चतुर्थ गुणस्थान को आदि लेकर नौ गुणस्थान होते हैं।

भावार्थ– स्त्रीवेद, पुंवेद और नपुंसकवेद इन तीनों वेदों में मिथ्यात्व गुणस्थान से अनिवृत्तिकरण पर्यन्त नौ गुणस्थान होते हैं। इस प्रकार वेद मार्गणा में गुणस्थान निरूपण हुआ। क्रोध, मान और माया इन तीन कषायों में मिथ्यात्व गुणस्थान को आदि लेकर अनिवृत्तिकरण तक नौ गुणस्थान होते हैं। तथा लोभ कषाय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की अपेक्षा मिथ्यात्व गुणस्थान को आदि लेकर सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थान पर्यन्त दश गुणस्थान होते हैं। इस प्रकार कषाय मार्गणा समाप्त हुई। कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान और विभंगावधि ज्ञान इन तीनों ज्ञानों के प्रत्येक में दो गुणस्थान अर्थात् मिथ्यात्व और सासादन ये दो गुणस्थान होते हैं। मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान इन तीनों ज्ञानों में चतुर्थ गुणस्थान अविरत सम्यग्दृष्टि से लेकर क्षीण कषाय पर्यन्त बारहवें गुणस्थान तक नौ गुणस्थान होते हैं।

सग मणपज्जे केवलणाणे जोगदुगं पमत्तादी।
चदु सामाइयजुयले पमत्तजुयलं च परिहारे।। १६।।

सप्त मनःपर्यये केवलज्ञाने योगिद्विकं प्रमत्तादीनि।
चत्वारि सामयिकयुगले प्रमत्तयुगलं च परिहारे।।

सग मणपज्जे– मणपज्जे इति, मनःपर्यज्ञाने, सग–इति, सप्त गुणस्थानानि स्युः। तानि कानि चेदुच्यंते प्रमत्तादिक्षीणकषायपर्यन्तानि सप्त भवन्ति। केवलणाणे जोगदुगं– केवलज्ञाने योगद्विकं सयोगायोगकेवलिगुणस्थानद्वयं भवति। इति ज्ञानमार्गणा। पमत्तादी चदु सामाइयजुयले– सामायिकयुगले सामायिकच्छेदोपस्थापनद्वयोः प्रमत्ताद्यनिवृत्ति करणगुणस्थानपर्यन्तानि चत्वारि भवन्ति। पमत्तजुयलं च परिहारे– परिहारविशुद्धिसंयमे तृतीये प्रमत्ताप्रमत्तगुणस्थानद्वयं भवति।। १६।।

अन्वयार्थ– (मणपज्जे) मनःपर्ययज्ञान में (सग) सप्त गुणस्थान (केवलणाणे) केवलज्ञान में (जोगदुगं) सयोग केवली और अयोग केवली (सामायिक जुयले) सामायिक युगल अर्थात् सामायिक और छेदोपस्थापना संयम में (पमत्तादि चदु) प्रमत्तादि चार गुणस्थान (च) और (परिहारे) परिहारविशुद्धि संयम में (पमत्तजुगलं) प्रमत्त युगल अर्थात् प्रमत्त और अप्रमत्त ये दो गुणस्थान होते हैं।

भावार्थ– मनःपर्यय ज्ञान में प्रमत्त गुणस्थान से क्षीणकषाय गुणस्थान तक अर्थात् बारहवें गुणस्थान तक सात गुणस्थान होते हैं। केवलज्ञान में सयोग केवली और अयोग केवली ये दो गुणस्थान होते हैं। इस प्रकार ज्ञान मार्गणा समाप्त हुई। सामायिक और छेदोपस्थापना संयम इन दो संयमों में प्रमत्त संयत गुणस्थान से अनिवृत्तिकरण गुणस्थान अर्थात् छठवें से नौवें गुणस्थान तक चार गुणस्थान होते हैं। परिहारविशुद्धि तृतीय संयम में प्रमत्त संयत और अप्रमत्त संयत ये दो गुणस्थान होते हैं।

सुहमे सुहमं अंतिमचत्तारि हवंति जहखादे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चरियाचरिए इक्कं पंचमयं असंजमे चउरो।। १७।।

सूक्ष्मे सूक्ष्मं अन्तिमचत्वारि भवन्ति यथाख्याते।
चरिताचरिते एकं पंचमकं असंयमे चत्वारि।।

सुहमे– इति, सूक्ष्मसाम्पराये चतुर्थे संयमे, सुहमं– इति, सूक्ष्मसाम्परायानाम दशमं एकं गुणस्थानं भवति। अंतिमचत्तारि जहखादे– इति, यथाख्याते पंचमसंयमे अन्तिमचत्वारि गुणस्थानानि भवन्ति। तानि कानि किन्नामानि चेत्? उपशान्तकषायक्षीणकषायसयोगायोगकेवलिनामानि ज्ञेयानि। चरियाचरिए इक्कं पंचमयं– चरिताचरिते संयतासंयते षष्ठे संयमे, इक्कं पंचमयं– इति, पंचमं देशविरताख्यं भवति। असंजमे चउरो– असंयते सप्तमे मिथ्यात्वादिचतुर्थगुणस्थानानि चत्वारि भवन्ति। इति संयमामार्गणा पूर्णा।। १७।।

अन्वयार्थ– (सुहमे) सूक्ष्म साम्पराय संयम में (सुहमं) सूक्ष्म साम्पराय नामक दसवां गुणस्थान (जहखादे) यथाख्यात संयम में (अंतिम चत्तारि) अंतिम चार गुणस्थान होते हैं। (चरियाचरिए) संयतासंयत गुणस्थान में (इक्कं) एक (पंचमयं) पांचवाँ गुणस्थान (असंजमे) असंयत में (चउरो) चार गुणस्थान होते हैं।

भावार्थ– सूक्ष्म साम्पराय नामक चतुर्थ संयम में एक सूक्ष्म साम्पराय नामक दशमा गुणस्थान होता है। पाँचवें यथाख्यात संयम में अन्तिम चार गुणस्थान होते हैं अर्थात् उपशान्त कषाय, क्षीण कषाय, सयोग केवली और अयोग केवली इस प्रकार चार गुणस्थान जानना चाहिए। संयतासंयत षष्टम संयम में एक देशविरत नाम का गुणस्थान होता है। सप्तम असंयत में मिथ्यात्व को आदि लेकर अविरत सम्यग्दृष्टि तक चार गुणस्थान होते हैं। इस प्रकार संयम मार्गणा पूर्ण हुई।

बारस चक्खुदुगे णव अवहीए दुण्णि केवलालोए।
किण्हादितिए चउरो तेजापउमासु सत्तगुणा।। १८।।

द्वादश चक्षुद्विके नव अवधौ द्वे केवलालोके।
कृष्णादित्रिके चत्वारि तेजःपद्मयोः सप्तगुणाः।।

बारस चक्खुदुगे– इति, चक्षुर्द्वये चक्षुर्दर्शनेअचक्षुर्दर्शने च मिथ्यात्वादीनि क्षीणकषायपर्यन्तानि द्वादश गुणस्थानानि स्युः। णव अवहीए– अवधिदर्शने अविरतप्रभृतिक्षीणकषायावसानानि नवगुणस्थानानि भवन्ति। दुण्णि केवलालोए केवलालोके–केवलदर्शने, दुण्णिसयोगायोगकेवलिगुणस्थानद्वयं स्यात्। इति दर्शनमार्गणा। किण्हादितिए चउरो कृष्णादित्रिके चउरो मिथ्यात्वसासादन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिश्राविरत्यभिधानानि गुणस्थानानि चत्वारि भवन्ति। तेजापउमासु पीतापद्मलेश्ययोर्द्वयोः; सत्तगुणा– मिथ्यात्वादीन्यप्रमत्तान्तानि सप्त भवन्ति।। १८।।

(१८) **अन्वयार्थ–** (चक्खुदुगे) चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शन में (वारस) बारह गुणस्थान (अवहीए) अवधिदर्शन में (णव) नौ (केवलालोए) केवलदर्शन में (दुण्णि) दो (किण्हादितिए) कृष्णादि तीन लेश्याओं में (चउरो) चार (तेजापउमासु) पीत पद्मलेश्या में (सत्तगुणा) सात गुणस्थान होते हैं।

भावार्थ– चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शन इन दोनों में मिथ्यात्व गुणस्थान से क्षीणकषाय गुणस्थान पर्यन्त १२ गुणस्थान होते हैं। अवधिदर्शन में अविरत गुणस्थान से प्रारम्भ कर क्षीणकषाय गुणस्थान तक नौ गुणस्थान होते हैं। केवलदर्शन में दो सयोग केवली और अयोगकवली इस प्रकार दो गुणस्थान होते हैं। इस प्रकार दर्शनमार्गणा समाप्त हुई। कृष्णादि तीन अशुभ लेश्याओं में मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र और अविरत सम्यग्दृष्टि चार गुणस्थान होते हैं। पीत और पद्म इन दो शुभ लेश्याओं में मिथ्यात्व गुणस्थान से लेकर अप्रमत्त गुणस्थान तक सात गुणस्थान होते हैं।

सियलेस्साए तेरस भव्वे सव्वे अभव्वए मिच्छं।
इगिदह चदु अड खाइयतिए तहण्णेसु णियइक्कं।। १९।।

सितलेश्यायां त्रयोदश भव्ये सर्वाणि अभव्ये मिथ्यात्वं।
एकादश चत्वारि अष्टौ क्षायिकत्रये तथान्येषु निजैकम्।।

सियलेस्साए तेरस– सितेलेश्यायां शुक्ललेश्यायां मिथ्यात्वप्रभृतित्रयो दशगुणस्थानानि भवन्ति। इति लेश्यामार्गणा। भव्वे सव्वे– इति, भव्यजीवे, सव्वे– इति, मिथ्यात्वाद्ययोगकेवलिपर्यन्तानि चतुर्दशगुणस्थानानि सर्वाणि भवन्ति। अभव्वए– इति, अभव्यजीवे एकं मिथ्यात्वगुणस्थानं भवति। इति भव्यमार्गणा। इगिदह चदु अड खाइयतिए–क्षायिकत्रिके अत्र यथासंख्येन व्याख्या वर्तते तथाहि– क्षायिकसम्यक्त्वे एकादश चतुर्थादिसिद्धपर्यन्तान्येकादशगुणस्थानानि विद्यन्ते। वेदकसम्यक्त्वे, चदु– अविरताद्यप्रमत्तान्तानि चत्वारि गुणस्थानानि प्रतिपत्तव्यानि। उपशमसम्यक्त्वे, अड– अविरताद्युपशान्तकषायान्तानि अष्टौ ज्ञेयानि। तहऽण्णेसु– तथान्येषु मिथ्यात्वसासादनमिश्रेषु, णियइक्कं– निजैकमिति। कोऽर्थः? मिथ्यात्वसम्यक्त्वे मिथ्यात्वसम्यक्त्वे मिथ्यात्वमेकं भवति। सासादनसम्यक्त्वे निजं सासादनगुणस्थानमस्ति। मिश्रनाम्नि सम्यक्त्वे स्वकीयं मिश्रनामगुणस्थानं भवेत्। इति सम्यक्त्वमार्गणा।। १९।।

(१९) **अन्वयार्थ–** (सियलेस्साए) शुक्ल लेश्याओं में (तेरस) तेरह गुणस्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(भव्वे) भव्य जीवों में (सव्वे) सभी गुणस्थान (अभव्वे) अभव्य जीवों में (मिच्छं) मिथ्यात्व एक गुणस्थान (खाइयतिए) क्षायिक, क्षयोपशम और उपशम सम्यग्दर्शन में (इगिदह चदु अड्) ग्यारह, चार, आठ इस प्रकार यथाक्रम गुणस्थान जानना चाहिए। (तहऽण्णेसु) मिथ्यात्व, सासादन और मिश्र इन तीनों में (णिय इक्कं) वही–वही गुणस्थान होता है।

भावार्थ– शुक्ल लेश्या में मिथ्यात्व गुणस्थान से लेकर सयोग केवली पर्यन्त तेरह गुणस्थान होते हैं। इस प्रकार लेश्यामार्गणा में गुणस्थान का निरूपण हुआ। भव्य जीव में मिथ्यात्व गुणस्थान से लेकर अयोगकेवली तक समस्त चौदह गुणस्थान होते हैं। अभव्यजीव में एक मिथ्यात्व गुणस्थान होता है। इस प्रकार भव्य मार्गणा पूर्ण हुई। क्षायिक सम्यक्त्व में चतुर्थ से लेकर सिद्ध पर्यन्त अर्थात् अयोगकेवली जिन गुणस्थान तक ११ गुणस्थान होते हैं। वेदक सम्यक्त्व में अविरत गुणस्थान को आदि लेकर सप्तम गुणस्थान तक चार गुणस्थान जानना चाहिए। मिथ्यात्व में एक मिथ्यात्व गुणस्थान सासादन सम्यक्त्व में एक सासादन सम्यग्दृष्टि और मिश्र सम्यक्त्व में एक मिश्र गुणस्थान होता है। इस प्रकार सम्यक्त्व मार्गणा पूर्ण हुई।

सण्णिअसण्णिसु बारस दो पढमादितिदस पण गुणा कमसो।
आहारअणाहारे एसु इदि मग्गणठाणएसु गुणा।। २०।।

संज्ञ्यसंज्ञिषु द्वादश द्वे प्रथमादित्रयोदश पंच गुणाः क्रमशः।
आहारकानाहरके एतेषु इति मार्गणस्थानेषु गुणाः।।

सण्णिअसण्णिसु बारस दो– अत्र यथासंख्यालंकारः। संज्ञिजीवे प्रथमादिक्षीणकषायपर्यन्तानि द्वादशगुणस्थानि स्युः। असण्णिसु– असंज्ञिजीवेषु द्वौ गुणौ मिथ्यात्वसासादने भवत इत्यर्थः। इति संज्ञिमार्गणा। पढमादितिदस–पणगुणा कमसो आहारअणाहारे– कमसो– इति, अनुक्रमेण यथासंख्यतया, आहारके प्रथममिथ्यात्वादिसयोगान्तानि त्रयोदश–गुणस्थानानि सन्ति। अनाहारके पण गुणा– पंचगुणस्थानानि भवन्ति मिथ्यात्वसासादनाविरतिसयोगकेवल्ययोगकेवलिनामानि पंचगुणस्थानानि स्युः। अनाहारके एतानि पंचगुणस्थानानि कथं संभवंतीत्यारेकायामाह– मिथ्यात्वसासादनाविरतेषु त्रिषु जीवानां विग्रहगत्यां सत्यां अनाहरकत्वं संभवति। सयोगकेवलिनि समुद्घातापेक्षया ज्ञेयं। तथा चोक्तं–

विग्गहगइमावण्णा समुग्घयकेवलिअजोगिजिणा।
सिद्धा य अणाहारा सेसा आहारिया जीवा।। १।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अयोगकेवलिनि तु स्वभावतोऽनाहरकत्वमस्ति। एसु इदि मग्गणठाणएसु गुणा– इत्यमुना प्रकारेण एतेषु मार्गणास्थानेषु गुणा गुणस्थानानि ज्ञेयाः।। २०।।

अन्वयार्थ– (सण्णि) संज्ञी जीवों के (बारस) बारह (असण्णिसु) असंज्ञी जीवों में (दो) दो गुणस्थान (आहारअणाहारे) आहारक और अनाहारक मार्गणा में (पढमादितिदस पण) प्रथम गुणस्थान को आदि लेकर तेरह और पांच अर्थात् आहारक में तेरह और अनाहारक में पाँच (गुणा कमसो) गुणस्थान क्रमशः होते हैं (इदि) इस प्रकार (मग्गणठाणएसु) मार्गणा स्थानों में गुणस्थानों का कथन पूर्ण हुआ।

भावार्थ– संज्ञी जीवों में प्रथम गुणस्थान मिथ्यात्वगुणस्थान को आदि लेकर क्षीणकषाय गुणस्थान तक बारह गुणस्थान होते हैं। असंज्ञी जीवों में मिथ्यात्व और सासादन सम्यग्दृष्टि ये दो गुणस्थान होते हैं। इस प्रकार संज्ञी मार्गणा पूर्ण हुई। आहारक मार्गणा में प्रथम मिथ्यात्व गुणस्थान को आदि लेकर सयोग केवली तक तेरह गुणस्थान होते हैं। मिथ्यात्व, सासादन, अविरत सम्यग्यदृष्टि, सयोग केवली और अयोग केवली इन गुणस्थानों में जीव अनाहारक होते हैं अर्थात् मिथ्यात्व, सासादन और अविरत सम्यग्दृष्टि जीवों में, विग्रह गति में अनाहारकपना संभव होता है। सयोग केवली में अनाहारक समुद्घात की अपेक्षा जानना चाहिए। अयोग केवली स्वभाव से ही अनाहारक होते हैं। इस प्रकार मार्गणा स्थानों में गुणस्थान जानना चाहिए।

इस प्रकार मार्गणाओं में गुणस्थानों का विवेचन किया।

इति मार्गणासु गुणा भणिताः।

अथ चतुर्दशमार्गणासु पंचदशयोगान् प्रकटयन्नाह सूरिः–

आहारयओरालियदुगेहि हीणाः हवंति णिरयसुरे।
आहारयवेउव्वियदुगजोगे इगिदस तिरियक्खे।। २१।।

आहारकौदारिकद्विकैः हीना भवन्ति नारकसुरेषु।
आहारकवैक्रियिकद्विकयोगेन एकादश तिरश्चि।।

आहारय इत्यादि। णिरयसुरे-- नरकगतौ देवगतौ च आहाकाहारक-मिश्रकाययोगे इति द्वयं, औदारिकौदारिकमिश्रकाययोगद्वयं इति चतुर्योगैर्हीना अन्ये उद्धरिताः, इगिदस– एकादशयोगा भवन्ति। ते के इति चेत्? मनोयोगचत्वारि वचनयोगचत्वारि वैक्रियिककाययोग वैक्रियिकमिश्रकाययोगकार्मणकाययोगा एवं एकादशयोगाः नरकगत्यां देवगत्यां भवन्तीति ज्ञेयं। आहारयवेउव्वियदुगजोगे इगिदस तिरियक्खे– तिर्यग्गतौ आहारकाहारकमिश्रवैक्रियिकतन्मिश्रकाययोगैर्हीना अन्ये

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एकादशयोगा भवन्ति। ते के? अष्टौ मनोवचनयोगा औदारिकतन्मिश्र-कार्मणकाययोगाश्चेति त्रय एवं एकादश योगाः स्युः।। २१।।

अब चौदह मार्गणाओं पन्द्रह योगों को प्रकट करते हुये आचार्य कहते हैं-

(२१) **अन्वयार्थ-** (णिरयसुरे) नरकगति और देवगति के जीव (आहारयओरालियदुगेहि) आहारक काययोग, आहारककमिश्रकाययोग, औदारिक काययोग और औदारिक मिश्र काययोग इन चार योगों से (हीणा) रहित (हवंति) होते हैं। उनके (इगिदस) ग्यारह योग होते हैं। (आहारयवेउव्वियदुग जोगे) आहारक काययोग, आहारक मिश्र काययोग, वैक्रियिक काययोग और वैक्रियिक मिश्र काययोग को छोड़कर (तिरियक्खे) तिर्यंचों में (इगिदस) ग्यारह योग होते हैं।

